INDIAN SCHOOL SOHAR
PERIODIC TEST-1 (2024-25)
SUBJECT-HINDI (COURSE-B)
SUBJECT CODE-085

No. of printed pages:02

SET-I

CLASS : X
DATE : 20/05/2024

MAX. MARKS : 20
TIME: 40 MINUTES

सामान्य निर्देश:
इस प्रश्न-पत्र में कुल पाँच प्रश्न हैं। सभी प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।
इस प्रश्न-पत्र में चार खंड हैं – खंड 'क', 'ख', 'ग' और 'घ'।
प्रश्नों के उत्तर दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए लिखिए।
यथासंभव चारों खंडों के प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार लिखिए।

खंड 'क' (अपठित गद्यांश)

प्रश्न-1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प चुनकर दीजिए – (1x4=4)

प्रकृति निरंतर परिवर्तनशील है। रात्रि के घोर अंधकार के बाद मनोहारिणी उषा का आगमन, बादलों की काली घटा के पीछे छिपे सूर्य का उज्ज्वल प्रकाश, ग्रीष्म में सूखे वृक्षों में पावसी फुहारों से नई कोपलों का जन्म – ये सभी बदलते परिदृश्य जीवन की परिवर्तनशील गति की ओर इंगित करते हैं। जीवन का यह चक्र सतत चलायमान है। मानव जीवन का इतिहास उसके निरंतर परिवर्तित होते विचारों, मान्यताओं और आस्थाओं का शाश्वत साक्षी है। आदिम युग के मानव ने इक्कीसवीं सदी तक की कालावधि में परिवर्तनों की लंबी यात्रा पूरी की है; यह चिरपरिचित सत्य है।

(i) नई कोपलों का जन्म कब होता है ?
(क) शीत ऋतु में
(ख) पावस ऋतु में
(ग) बादलों के घिरने पर
(घ) हर बार ऋतु बदलने पर

(ii) परिवर्तित होते विचारों, मान्यताओं का साक्षी कौन है ?
(क) बादलों की काली घटा
(ख) रात्रि का घोर अंधकार
(ग) निरंतर परिवर्तनशील प्रकृति
(घ) मानव जीवन का इतिहास

(iii) गद्यांश से संबंधित निम्नलिखित वाक्यों पर विचार कीजिए और सही विकल्प का चयन कर उत्तर लिखिए –
(क) केवल आधुनिक युग के मनुष्य की लंबी यात्रा ही चिरपरिचित सत्य है।
(ख) रात के अंधकार के बाद संध्या का आगमन होता है।
(ग) प्रकृति के सभी बदलते परिदृश्य जीवन की परिवर्तनशील गति की ओर संकेत करते हैं।
(घ) पावस ऋतु के सभी बदलते परिदृश्य जीवन की परिवर्तनशील गति की ओर संकेत करते हैं।

(iv) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए और दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए –
कथन (A) – प्रकृति निरंतर परिवर्तनशील है।
कारण (R) – केवल ग्रीष्म ऋतु के सभी बदलते परिदृश्य जीवन की परिवर्तनशील गति की ओर इंगित करते हैं।
(क) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं।
(ख) कथन (A) सही है लेकिन कारण (R) गलत है।
(ग) कथन (A) गलत है लेकिन कारण (R) सही है।
(घ) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही है तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है।

खंड 'ख' (व्याकरण)

प्रश्न-2. निर्देशानुसार 'पदबंध' पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिखिए –

(क) निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित पदबंधों के भेद बताइए – (1x2=2)

(i) राकेश कल शाम तक दिल्ली पहुँच जाएगा।

(ii) जो लड़का कल आया था वह दिल्ली में रहता है।

(ख) 'माँ की व्याकुल आँखें अपने पुत्र को ढूँढ़ रही थीं।' वाक्य में क्रिया पदबंध छाँटकर लिखिए। (1)

प्रश्न-3. निर्देशानुसार निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए –

(क) 'तारे तोड़ लाना' मुहावरे का अर्थ लिखिए। (1)

(ख) निम्नलिखित मुहावरों का प्रयोग कर अर्थपूर्ण वाक्य बनाइए। (1x2=2)

(i) हाथ-पाँव फूल जाना

(ii) गाँठ बाँधना

खंड 'ग' (साहित्य)

प्रश्न-4. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर 25-30 शब्दों में लिखिए – (2x3=6)

(i) 'छोटे भाई ने बड़े भाई साहब के नरम व्यवहार का लाभ उठाया।' आपके विचार से छोटे भाई का यह व्यवहार उचित था या नहीं, तर्क सहित उत्तर लिखिए।

(ii) 'बड़े भाई साहब' पाठ में पढ़ाई और परीक्षाओं के प्रति बड़े भाई साहब का क्या दृष्टिकोण था ? अपने शब्दों में लिखिए।

(iii) संसार में सुखी व्यक्ति कौन है और दुखी व्यक्ति कौन है ? यहाँ 'सोना' और 'जागना' किसके प्रतीक हैं ? 'साखी' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

(iv) कवि ने 'मृग और कस्तूरी' का उदाहरण क्यों दिया है ? 'साखी' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

खंड 'घ ' (लेखन)

प्रश्न-5. आप बाल विकास विद्यालय में पढ़ते / पढ़ती हैं। आपके विद्यालय में आशुभाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इसकी पूर्ण जानकारी देते हुए विद्यालय के प्रधानाचार्य द्वारा लगभग 60 शब्दों में सूचना तैयार कीजिए। (4)

****